# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

## मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

### टी.पी. नगर जोन

फा.क्र./184, 188, 189 /निर्माण (टी.पी. नगर)/2024/ कोरबा, दिनांक 08.01.2024

## निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित **PWD Bilding SOR 01.01.2015** से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि–लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 02 लायंस स्कूल के पास आडिटोरियम का निर्माण कार्य (विधायक मद) (तृतीय निविदा) | **10,00,000/-** | **7,500/-** | **750/-** | **Form-A** | 04 माह | सक्षम श्रेणी | **23.01.2024** | **24.01.2024** |
| 2. | वार्ड क्र. 13 पंद्रह ब्लॉक के महावीर चौक के पास शेड का मरम्मत कार्य। (मरम्मत/संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | **3,97,000/-** | **3,970/-** | **750/-** | **Form-A** | 03 माह | सक्षम श्रेणी | **23.01.2024** | **24.01.2024** |
| 3. | वार्ड क्र. 13 झरनापारा पंद्रह ब्लॉक के पास शेड का मरम्मत कार्य (मरम्मत/संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | **3,86,000/-** | **3,860/-** | **750/-** | **Form-A** | 03 माह | सक्षम श्रेणी | **23.01.2024** | **24.01.2024** |

निविदा की शर्तेः–

1. निविदा दरे प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज हाथो–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा आई.टी.आई. कॉलोनी रामपुर, कोसाबाड़ी जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677 के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाऍं स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॅांक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा प्रपत्र त्रि–लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगाः–
   - (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी एवं **निविदाओं में निविदाकार को फिजिकल दस्तोवज के साथ निविदा सूचना जारी होने के पश्चात दिनांक का शपथ पत्र जिसमें संबंधित कार्य का नाम एवं र्का की निविदा क्रमांक अंकित हो प्रेषित करना अनिवार्य होगा** एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. नगद निगम कोश में जमा कर जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   - (ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   - (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनो लिफाफाऍं होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
6. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु इच्छुक ठेकेदारों को आवेदन पत्र के साथ उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकरी पिछले वित्तीय वर्ष का **आयकर चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन एवं प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, कर्मचारी, राज्य बीमा निगम रायपुर से पंजीयन एवं विस्तृत निविदा** आमंत्रण सूचना (एनआईटी) हस्ताक्षरयुक्त एवं निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क्र. 04 के लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।

क्रमशः..................02

निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

9. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
10. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
11. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
12. शासन के विभिन्न विभागों जैसे– खनिज विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
13. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
14. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत् समय में एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
15. सफल निविदा दाता से अनुबंध के समय अतिरिक्त परफार्मेंस राशि जमा कराई जावेगी जबकि निविदा की दरों में काफी कमी हो जैसे निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर होने पर सफल निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ. डी.आर./टी.डी.आर. ऑफिस, टाईम डिपॉजिट अथवा एन.एस.सी. जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय होगा, जो मांग तिथि से 15 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि को जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
16. सम्पूर्ण किये गये कार्यों के लिये 5 प्रतिशत सुरक्षा राशि रनिंग देयको के साथ 01 वर्ष एवं 5 प्रतिशत पृथक से 03 वर्ष की गारंटी के लिये परफार्मेंस सिक्यूरिटी के रूप में रोकी जावेगी। मरम्मत कार्य हेतु मात्र सुरक्षा राशि की कटौती की जावेगी।
17. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन ) अधिनियम 1996 एवं तदअंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
18. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूल प्रति में वैध शपथ पत्र कंडिका क्र. 04 के प्रथम लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
19. ईंट से संबंधित निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश ब्रिक्स का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
20. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
21. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त के द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
22. निविदा प्रपत्र From-A के क्लाज नंबर–11 अनुसार एस्केलेशन देय नहीं होगा।
23. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
24. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि (कार्य दिवस) को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

नोटः–

1. अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नगद जमा रसीद पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।
2. उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समय एवं स्थान माना जावे।

पृष्ठा.क्र./184, 188,189 /निर्माण (टी.पी. नगर)/2024/ कोरबा, दिनांक 08.01.2024

प्रतिलिपि :–

1. प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय अटल नगर नया रायपुर (छ.ग.) को **uad.cg.gov.in** में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

हस्ताक्षर –
फर्म का नाम –
पता –
**मोबाईल नंबर** –

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION,KORBA(C.G.)
## DETAILED ESTIMATE

Name of work:- Construction of Auditorium near Lions school at ward no 02

As per SOR:Schedule of rates public works department[PWD BUILDING-01-01-2015]

| S. N. | SOR Ref. | ITEM DESCRIPTION | NO | L | B | D/H | QTY | UNIT | RATE | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | 12.12 | Providing and laying vitrified floor tiles with soluble salt printing, of size 600x600mm with water absorption less than 0.5% and conforming to IS : 15622 of approved make, laid on 20mm thick cement mortar 1:4 (1 cement : 4 coarse sand) including grouting the joints with white cement and matching pigments etc. complete. | | | | | | | | |
| | 1 | Size 600x600mm | | | | | | | | |
| | | | 1 | 29.00 | 14.10 | | 408.90 | | | |
| | | | | | | Total | 408.90 | sqm | 963.00 | 393770.70 |
| 13 | 10.61 | Providing and fixing at all height false ceiling consisting of frame work "W" / "U" / "L" sections made of G.I. sheet with zinc coating of grade 120 consisting of angle cleats of size 25mm wide x 1.6mm thick with flanges of 22mm and 37mm at 1200mm centre to centre one flange fixed to the ceiling with dash fastener 12.5mm diax40mm long with 6mm dia bolts to the angle hangers of 25x25x0.55mm of required length, and other end of angle hanger being fixed with nut and bolts to G.I. channels 45x15x0.9mm running at the rate of 1200mm centre to centre to which the ceiling section 0.5mm thick button wedge of 80mm with tapered flanges of 26mm each having clips of 10.5mm at 450mm centre to centre shall be fixed in a direction perpendicular to G.I. channel with connecting clips made out of | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | | | |
| | | | 1.5 | 29.00 | 14.10 | | 613.35 | | | |
| | | | | | | Total | 613.35 | sqm | 587.00 | 360036.45 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10.6 | Providing and fixing steel grid for false ceiling made from M.S. rectangular hollow tubes of 50x25x1.25mm (wall thickness) as main runners to be jointed to cross runners of same size by electric arc welding with spacing | | | | | | | | |
| 1 | | 1 | 609.00 | 4.00 | | 2436.00 | | | |
| | | | | | Total | 2436.00 | kg | 101.00 | 246036.00 |
| | | | | | | | | TOTAL= | **999843.15** |
| | | | | | | | | **say rs .=** | **1000000.00** |

Asstt. Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

Sub Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)